नगर निगम, गोरखपुर

शुद्धि–पत्र

विषय :– **दिनांक 11 मार्च, 2026 को त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा की तिथि के संशोधन के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक निविदा के संबंध में यह सूचित किया जाता है कि कुछ प्रशासनिक/तकनीकी कारणों से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि को संशोधित किया गया है। संशोधित तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

विवरण	पूर्व तिथि	संशोधित तिथि
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	16-04-2026 @ 05:00 pm	20-04-2026 @ 05:00 pm
निविदा खोलने की तिथि	17-04-2026 @ 11:00 am	21-04-2026 @ 11:00 am

अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

यह शुद्धि–पत्र निविदा दस्तावेज़ का अभिन्न हिस्सा माना जाएगा।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, गोरखपुर

कार्यालय :— अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, गोरखपुर

शुद्धि पत्र/Corrigendum

नगर निगम द्वारा प्रकाशित दिनांक 11 मार्च, 2026 (त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत) एवं दिनांक 20 मार्च, 2026 (जल निकासी योजनान्तर्गत) को प्रकाशित निविदा के संदर्भ में समस्त इच्छुक निविदादाताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा की शर्तों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है—

- प्रत्येक ठेकेदार उक्त निविदा में मात्र 03 कार्यों में प्रतिभाग कर सकते हैं। उससे अधिक कार्यों पर निविदा डालने पर विचार नहीं किया जायेगा।
- ऐसे ठेकेदार जिनके 3 (तीन) या उससे अधिक कार्य (शासन से स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत) पूर्व से लंबित/अपूर्ण हैं, उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
- ऐसे ठेकेदार जो पिछले 1 (एक) या 2 (दो) वर्षों के भीतर ब्लैकलिस्ट (**Blacklisted**) रहे हैं, उनके द्वारा प्रस्तुत निविदाओं पर भी कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अतः समस्त संबंधित ठेकेदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे उपरोक्त संशोधित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

उपरोक्त शर्तें निविदा का अभिन्न अंग मानी जाएंगी तथा अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, गोरखपुर